17/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात कनाडा के कनानास्कीस में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी आज सुबह कनाडा की दो दिवसीय यात्रा पर कैलगरी पहुंचे। प्रधानमंत्री ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और निवेश के भविष्य पर जी-7 चर्चाओं में भाग लेंगे, ताकि बदलती दुनिया में पहुंच और सामर्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी भागीदारी होगी।

0000000000000000000000

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच, जी7 नेताओं ने इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती स्थिति को संबोधित करते हुए एक एकीकृत बयान जारी किया। जी7 नेताओं ने मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और देश की सुरक्षा के लिए अपने निरंतर समर्थन को रेखांकित किया है।

0000000000000000000000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में **मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान**, नई दिल्ली में आज योग बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डेनमार्क, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, अर्जेंटीना सहित विभिन्न देशों के मुख्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000000

पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) ने अरुणाचल प्रदेश में पर्यटन, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाली कई विकास परियोजनाओं के लिए 11 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए हैं। इस पहल का एक प्रमुख आकर्षण **"पूर्वोत्तर भारत में स्मार्ट कृषि के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का उपयोग करके तकनीकी हस्तक्षेप"** नामक अग्रणी परियोजना है, जिसका नेतृत्व निरजुली में NERIST द्वारा किया जा रहा है। अप्रैल 2028 तक पूरा होने वाला यह तीन वर्षीय कार्यक्रम वास्तविक समय में मिट्टी की नमी, तापमान, आर्द्रता और फसल के स्वास्थ्य की निगरानी करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके एक स्मार्ट खेती प्रणाली शुरू करेगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय द्वारा सोमवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के पांच में से चार विधायक पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) में शामिल हो गए हैं। पीपीए में शामिल होने वाले विधायकों में तवांग से नामगे सेरिंग, लिरोमोबा से पेसी जिलेन, पासीघाट ईस्ट से तापी दारांग और मारियांग-गेकू से ओनी पान्यांग शामिल हैं।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 4 जिलों पापुम पारे, पाक्के केसांग, लोअर दिबांग वैली और लोहित के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 24 घंटों में गरज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश होने की संभावना है। विभग ने 16 जिलों

के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। राज्य में अगले 2 से 3 दिनों में कुछ जगहों पर भारी बारिश होने की भी संभावना है।

0000000000000000000000

राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ने ईस्ट सियांग जिला पुलिस के साथ मिलकर आज पासीघाट के गांधी चौक पर मॉक एक्सर्साइस सह भूकंप की तैयारी का अभ्यास किया। इस अवसर पर, पासीघाट अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग ने आग से निपटने का प्रदर्शन किया और स्थानीय लोगों को आग लगने की आपात स्थिति में क्या करना चाहिए और क्या नहीं इस पर भी जानकारी दी। अभ्यास का उद्देश्य स्थानीय लोगों में जागरूकता पैदा करना और संकट के समय में वॉलन्टियर्स के रूप में कार्य करने के लिए लोगों को जागरूक करना था।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) 2024-25 के तहत पापुम पारे जिले के बागवानी विभाग ने सागाली में एडीसी कॉन्फ्रेन्स हॉल में **बायर-सेलर मिट** का आयोजन किया, जिसमें सागाली डिवीजन के 200 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ना, स्थानीय बागवानी उत्पादों को बढ़ावा देना और सतत विकास के लिए व्यापार साझेदारी को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000000

उत्तराखंड में आयोजित चौथी KIO राष्ट्रीय सब-जूनियर, कैडेट्स और जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 में अरुणाचल प्रदेश ने 13 पदक जीते हैं। पदक तालिका में 2 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने चैंपियनशिप में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों और अरुणाचल प्रदेश **एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन** को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मेन ने कहा, ये पदक खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

0000000000000000000000

पिछले एक दशक में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख पहलों ने लगभग 55 करोड़ लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। जबकि आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत, 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य आश्वासन लाभ दिया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने स्वास्थ्य सेवा वितरण को आधुनिक बनाया है, जिसके तहत 78 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (ABHA) बनाए गए हैं, जिससे व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक निर्बाध पहुँच संभव हुई है।

0000000000000000000000

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन-2025 आज नई दिल्ली में संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने समापन सत्र की अध्यक्षता की। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि वार्षिक सम्मेलन आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए सामूहिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने, पुनर्गणना करने और सुदृढ़ करने का एक साझा अवसर है।

0000000000000000000000